Government of India
Ministry of Petroleum & Natural Gas
(General Section)
****

Shastri Bhawan, New Delhi
Dated 17 September, 2024

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of August, 2024

The undersigned is directed to circulate herewith a copy of the Monthly Summary (Both English & Hindi) of the Ministry of Petroleum & Natural Gas for the month of August, 2024.

2. This issues with the approval of the Competent Authority.

17/9/24
(Ramesh Krishna)
Under Secretary to the Govt. of India

Encl.: As above

To,

1. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
2. Cabinet Secretary, Rashtrapati Bhawan New Delhi
3. All Secretaries to Government of India
4. Information Officer, PIB, Shastri Bhawan, New Delhi

1. During the month, approximately 3.68 lakh new domestic LPG connections were issued by public sector OMCs.

   As of 01.09.2024, there were 32.77 crore active LPG connections, including 10.33 crore PMUY connections.

2. A total of 9 LPG distributorships have been commissioned during August 2024.

3. Basic Safety campaign for safe LPG usage was started by PSU OMCs in March 2024. Till 31st August 2024, more than 5.8 Crore basic safety checks have been completed free of cost and more than 2.5 Crore LPG hoses have been replaced at discounted prices.

4. As on 31.08.2024, a total of 71,188 retail outlets have been solarized.

5. There has been a significant expansion of digital payment infrastructure at Retail Outlets. As on 31.08.2024, there are 82,507 Retail Outlets (RO) (IOCL-38,003, BPCL-22,196, HPCL-22,308) across the country that are covered with digital infrastructure/enabled with BHIM UPI, also having 4,74,785 POS terminals and 1,03,224 e-wallet facility.

6. In order to increase the electric vehicle charging infrastructure in the country, Oil Marketing Companies (OMCs) are putting up Electric Vehicle Charging Stations (EVCS) at their Retail outlets (ROs) in different parts of the country in phased manner, based on techno commercial feasibility and compliance of PESO norms. As on 31.08.2024, OMCs have put up 17,050 EV charging stations and 193 Battery Swapping stations at their ROs.

7. During the month, retail prices of Petrol and Diesel remained unchanged at Rs.94.72/litre and Rs.87.62/litre respectively (in Delhi).

8. During the month, price of domestic LPG cylinder of 14.2 Kg remained unchanged at Rs. 803 per 14.2 Kg cylinder (in Delhi). With a targeted subsidy of Rs 300/14.2 Kg cylinder for PMUY consumers, the effective cost was Rs.503 per 14.2 Kg cylinder (in Delhi).

9. There was NIL under-recovery on PDS Kerosene during August, 2024.

II. Crude Oil

1. Domestic crude oil production during Aug, 2024 was 2.40 MMT, which is 8.2% lower than the target (2.61 MMT) for the month and 3.5% lower when compared to the production (2.49 MMT) of corresponding month of last year (Aug 2023). Cumulative crude oil production during April-Aug, 2024 was 12.09 MMT, which is 5.4% lower than the target (12.78 MMT) for the period and 1.7% lower than the production of the corresponding period of last year (12.30 MMT).

2. During the month, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $74.97 and $80.82 per barrel.The average price for the month was $78.27 per barrel, 7% lower than the average price of $84.15 per barrel for July, 2024.

3. The Oilfields (Regulation and Development) Amendment Bill, 2024 has been introduced in Parliament on 05.08.2024 to enhance the ease of doing business in E&P Sector.

III. Gas supply

1. Natural gas production during Aug, 2024 was 3.04 BCM, which is 7.9% lower than the target (3.3 BCM) for the month and 4.0% lower than production (3.17 BCM) of corresponding month of last year (Aug 2023). Cumulative natural gas production during April-Aug, 2024 was 15.17 BCM, which is 6.7% lower than the target (16.25 BCM) for the period and 2.1% higher than the production of the corresponding period of last year (14.85 BCM).

2. As on 30.06.2024, approximately 1.32 crore PNG (Piped Natural Gas) domestic connections have been provided and 7011 CNG (Compressed Natural Gas) stations have been installed by the various CGD (City Gas Distribution) entities authorized by the PNGRB (Petroleum and Natural Gas Regulatory Board).

3. Under Sustainable Alternative Towards Affordable Transportation (SATAT), as on 01.08.2024, total number of active Letters of Intent (LOIs) is 2153. A total of 72 CBG (Compressed Bio Gas) / Bio Gas Plants have been commissioned across the country. About 72 CBG plants are under various stages of construction.

4. Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA), in its meeting held on 02.08.2024, has approved the CCEA Note dated 31.07.2024 on "Additional equity infusion of ₹10,501 crore by Oil and Natural Gas Corporation Limited (ONGC) to ensure viability of ONGC Petro additions Limited (OPaL), to provide feedstock support and to take other suitable ancillary and incidental measures".

IV. Bio fuels and Ethanol Blending

1. During August 2024, Public Sector OMCs have procured 65.97 crore litres ethanol and achieved blending of approx 15.77 %. Further, during the Ethanol Supply Year 2023-24 (1st November to 31st October), the Public Sector OMCs have procured 545.05 crore litres ethanol and achieved blending of approx 13.59% upto 31.08.2024. OMCs have started dispensing E20 petrol (20% ethanol in petrol) at more than 16000 retail outlets across the country.

2. During August 2024, Public Sector OMCs have procured 6.67 crore litres biodiesel for blending with diesel. The total procurement for the period of (April-August, 2024) is 26.21 crore litres.

3. Cabinet on 9th August, 2024 approvedamendments in "Pradhan Mantri JI-VAN Yojana" for providing financial support to Advanced Biofuel Projects using lignocellulosic biomass and other renewable feedstock

V. Reducing Import Dependency

1. India imported 81.6 MMT of crude oil for US$ 49.0 billion during Apr-July, 2024 as compared to an import of 79.7 MMT for $ 41.9 billion during Apr-July, 2023. Import dependency in case of crude oil during Apr-July 2024 was 88.3% as compared to 87.8% during the corresponding period of previous year.

2. India imported 11.423 BCM for US$ 4.6 billion of LNG during Apr-July, 2024 as compared to LNG imports of 10.103 BCM for US$ 4.3 billion during Apr-July, 2024. Import dependency in case of Natural Gas during Apr-July, 2024 was 48.9% as compared to 46.9% during the corresponding period of previous year.

VI. GeM Procurement

For FY 2024-25, Oil PSUs procured items worth Rs.18,755.77 crore through GeM portal till 31st August 2024, as compared to Rs.11,345.68 crore procured till 31st August 2023 in the previous year. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal either through catalogue / Custom / BoQ bidding.

VII. International Cooperation

A. Minister of Petroleum and Natural Gas met H.E DamodarBhandari, Minister of Industry, Commerce and Supplies of Nepal on 7thAugust 2024. Both sides reviewed existing infrastructure cooperation projects and discussed ways to further deepen robust energy ties, including supplying 100% POL demand of Nepal and building of South-East Asia's first transnational pipeline project. Hon'ble Minister also invited Nepal to join Global Biofuels Alliance.

B. Minister of Petroleum and Natural Gas met H.E. Amb Mauro Vieira, External Affairs Minister of Brazil on 27th August 2024. Both sides held productive discussion on taking forward the vibrant energy partnership between India & Brazil that encompasses bilateral hydrocarbon trade, Indian investments in Brazil's upstream sector, and collaborative efforts in the bioenergy sector including energy transition & biofuels.

C. Secretary, Petroleum and Natural Gas chaired the Energy Session of the 3rd Voice of Global South Summit on the theme of "Sustainable Energy Solutions for a Sustainable Future" on 17th August 2024. Energy Leaders from 16 nations convened to discuss the

imperatives of achieving a balanced, just and orderly energy transition. Secretary, Petroleum and Natural Gas also invited Global South nations to join the Global Biofuels Alliance.

D. Secretary, Petroleum and Natural Gas met Deputy Secretary, Department of Energy, USA, Mr. David Turk on 22nd August 2024. Discussions centredaround current global oil markets and enhancing the share of low carbon fuels in the energy mix. Secretary P&NG underscored the need for affordable energy access in the burgeoning Indian energy market and highlighted the priority accorded by Government of India to increase the usage of natural gas.

E. Secretary, Petroleum and Natural Gas had a productive dialogue with Captain Mohamed Juma Al Shamisi, Managing Director and AD Ports Group CEO, UAE on 29th August 2024. Secretary P&NG briefed about the progress of IOCL's petroleum product pipeline between India and Sri-Lanka as well as development of energy hub covering oil tank farms and storage facility at Trincomalee, Sri Lanka. Both sides further deliberated on the provisions of the draft tri-partite MOU between India-UAE-Sri Lanka under the G2G framework.

F. Secretary, Petroleum and Natural Gas had a fruitful engagement with Mr. Pietro AdamoSampaio Mendes, National Secretary of Oil, Natural Gas, and Biofuels at the Ministry of Mines and Energy and Chairman of the Board of Directors of Petrobras on 29th August 2024. Both sides assessed the extensive energy cooperation between the countries, covering investments in the oil and gas sector, mutually beneficial trade, and collaboration in future fuels, with a particular focus on biofuels.
sector, mutually beneficial trade, and collaboration in future fuels, with a particular focus on biofuels.

VIII. **Infrastructure Development**

A total of 6 Oil & Gas infrastructure projects valued at ₹ 253 Crore (latest approved cost) of IOCL, BPCL, HPCL and CPCL have been completed during the month of August, 2024.

भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(सामान्य अनुभाग)
****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक 17 सितंबर, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषयः पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का अगस्त, 2024 माह के लिए मासिक सारांश

अधोहस्ताक्षरी को अगस्त,2024 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मासिक सारांश की एक प्रतिलिपि (हिंदी और अंग्रेजी दोनों) एतद्वारा परिचालित करने का निदेश हुआ है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

रमेश कृष्ण 17/9/24
(रमेश कृष्ण)
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्नः यथोक्त

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
2. मंत्रिमंडल सचिव, राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली
3. भारत सरकार के सभी सचिव
4. सूचना अधिकारी, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

I. विपणन प्रचालन

1. माह के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज द्वारा लगभग 3.68 लाख नए घरेलू एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए ।

   दिनांक 01.09.2024 की स्थिति के अनुसार, 32.77 करोड़ सक्रिय एलपीजी कनेक्शन थे, जिनमें 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन शामिल थे।

2. अगस्त, 2024 के दौरान कुल 9 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप चालू की गई हैं।

3. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा मार्च, 2024 में एलपीजी के लिए मूलभूत सुरक्षा अभियान शुरू किया गया। दिनांक 31 अगस्त, 2024 तक, 5.8 करोड़ से अधिक मूलभूत सुरक्षा जांचे निशुल्क पूरी की गई और छूट प्राप्त मूल्यों पर 2.5 करोड़ से भी अधिक एलपीजी होसेज को बदला गया है।

4. दिनांक 31.08.2024 की स्थिति के अनुसार, कुल 71,188 खुदरा बिक्री केन्द्रों को सौर उर्जा से सुसज्जित किया गया है।

5. खुदरा बिक्री केंद्रों पर डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। दिनांक 31.08.2024 की स्थिति के अनुसार, देश भर में 82,507 खुदरा बिक्री केंद्र (आरओ) हैं (आईओसीएल-38,003, बीपीसीएल-22,196,एचपीसीएल-22,308) जिन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ कवर किया गया है/ भीम यूपीआई से सक्षम बनाया गया हैं, जिसमें 4,74,785 पीओएस टर्मिनल्स और 1,03,224 ई-वॉलेट सुविधा है।

6. देश में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना में वृद्धि करने के लिए तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसीज) तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता और पीईएसओ मानदंडों के अनुपालन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से देश के विभिन्न हिस्सों में अपने खुदरा बिक्री केंद्रों (आरओज) पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) लगा रही हैं। दिनांक 31.08.2024 की स्थिति के अनुसार, ओएमसीज ने अपने आरओज पर 17,050 ईवी चार्जिंग स्टेशन और 193 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन लगाए हैं।

7. माह के दौरान, पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे, जो क्रमशः 94.72 रुपए/लीटर और 87.62 रुपए/लीटर (दिल्ली में) हैं।

8. माह के दौरान, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर का मूल्य 803 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (दिल्ली में) पर अपरिवर्तित रहा। पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 300 रुपए/14.2 किलोग्राम सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के साथ, प्रभावी लागत 503 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (दिल्ली में) थी।

9. अगस्त, 2024 के दौरान पीडीएस केरोसीन पर शून्य अल्प-वसूली थी।

II. कच्चा तेल

1. अगस्त, 2024 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2.40 एमएमटी था, जो माह के लक्ष्य (2.61 एमएमटी) से 8.2% कम है और पिछले वर्ष के इसी माह (अगस्त 2023) के उत्पादन (2.49 एमएमटी) की तुलना में 3.5% कम है। अप्रैल-अगस्त, 2024 के दौरान संचयी कच्चे तेल का उत्पादन 12.09 एमएमटी था, जो अवधि के लक्ष्य (12.78 एमएमटी) से 5.4% कम है और पिछले वर्ष (12.30 एमएमटी) के उत्पादन की तुलना में 1.7% कम उत्पादन हुआ।

2. माह के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का मूल्य 74.97 डॉलर और 80.82 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहा। माह का औसत मूल्य 78.27 डॉलर प्रति बैरल था, जो जुलाई, 2024 के औसत मूल्य 84.15 डॉलर प्रति बैरल से 7% कम है।

3. ईएंडपी क्षेत्र में व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 05.08.2024 को संसद में तेल क्षेत्र (विनियामक और विकास) संशोधन संबंधी विधेयक प्रस्तुत किया गया।

III. गैस आपूर्ति

1. अगस्त,2024 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3.04 बीसीएम था, जो माह के लक्ष्य (3.3 बीसीएम) से 7.9% कम है और पिछले वर्ष के इसी माह (अगस्त 2023) के उत्पादन (3.17 बीसीएम) से 4.0% कम है। अप्रैल-अगस्त,2024 के दौरान संचयी प्राकृतिक गैस का उत्पादन 15.17 बीसीएम था, जो अवधि के लक्ष्य (16.25 बीसीएम) से 6.7% कम है और पिछले वर्ष इसी अवधि के उत्पादन (14.85 बीसीएम) की तुलना में 2.1% अधिक है।

2. दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार, लगभग 1.32 करोड़ पीएनजी (पाइप्ड प्राकृतिक गैस) घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और पीएनजीआरबी (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड) द्वारा प्राधिकृत विभिन्न सीजीडी (नगर गैस वितरण) कंपनियों द्वारा 7011 सीएनजी (संपीड़ित प्राकृतिक गैस) स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

3. दिनांक 01.08.2024 की स्थिति के अनुसार, किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (सतत) के तहत जारी किए गए सक्रिय आशय पत्रों (एलओआईज) की कुल संख्या 2153 है। देश भर में कुल 72 सीबीजी (संपीड़ित जैव गैस)/ जैव गैस संयंत्र चालू किए गए हैं और अब तक लगभग 72 सीबीजी संयंत्र निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।

4. आर्थिक मामलों से संबंधित मंत्रिमंडल समिति ने दिनांक 02.08.2024 को आयोजित "तेल और प्राकृतिक गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड (ओपीएएल) की व्यवहार्यता को सुनिश्चित करने, फीडस्टॉक सहायता प्रदान करने और अन्य उपयुक्त आनुषंगिक तथा प्रासंगिक उपायों के लिए 10,501 करोड़ रुपए के अतिरिक्त इक्विटी निवेश" के संबंध में अपनी बैठक में दिनांक 31.07.2024 के सीसीईए नोट को मंजूरी प्रदान की।

IV. जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

1. अगस्त, 2024 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने 65.97 करोड़ लीटर एथेनॉल की अधिप्राप्ति की और लगभग 15.77% एथेनॉल मिश्रण प्राप्त किया। इसके अलावा, एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 (1 नवंबर से 31 अक्टूबर तक) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने 545.05 करोड़ लीटर एथेनॉल अधिप्राप्त किया और दिनांक 31.08.2024 तक लगभग 13.59% एथेनॉल मिश्रण की प्राप्ति की। देश भर में ओएमसीज ने 16000 से अधिक खुदरा बिक्री केन्द्रों पर ई 20 पेट्रोल (पेट्रोल में 20% एथेनॉल) का वितरण शुरू कर दिया है।

2. अगस्त, 2024 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने डीजल के साथ मिश्रित करने के लिए 6.67 करोड़ लीटर बायोडीजल अधिप्राप्त किया है। अवधि (अप्रैल-अगस्त, 2024) के लिए कुल अधिप्राप्ति 26.21 करोड़ लीटर है।

3. मंत्रिमण्डल ने दिनांक 9 अगस्त, 2024 को लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करने वाली उन्नत जैव ईंधन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए "प्रधानमंत्री जी-वन योजना" में संशोधन को मंजूरी दी।

V. आयात निर्भरता में कमी करना

1. भारत ने अप्रैल-जुलाई, 2023 के दौरान 41.9 बिलियन अमरीकी डॉलर से 79.7 एमएमटी के कच्चे तेल आयात की तुलना में अप्रैल-जुलाई, 2024 के दौरान 49.0 बिलियन अमरीकी डॉलर से 81.6 एमएमटी कच्चे तेल का आयात किया। अप्रैल-जुलाई, 2024 के दौरान कच्चे तेल के मामले में आयात निर्भरता पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 87.8% से बढ़कर 88.3% हो गई।

2. भारत ने अप्रैल-जुलाई, 2024 के दौरान 4.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए 11.423 बीसीएम एलएनजी के आयात की तुलना में अप्रैल-जुलाई, 2024 के दौरान 4.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए 10.103 बीसीएम एलएनजी का आयात किया गया था। प्राकृतिक गैस के मामले में आयात निर्भरता पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 46.9% की तुलना में अप्रैल-जुलाई, 2024 के दौरान 48.9% थी।

VI. जीईएम अधिप्राप्ति

तेल पीएसयूज ने पिछले वर्ष दिनांक 31 अगस्त, 2023 तक 11,345.68 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 31 अगस्त, 2024 तक जीईएम पोर्टल के माध्यम से 18,755.77 करोड़ रुपये की वस्तुओं की अधिप्राप्ति की। पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुओं को कैटलॉग/ कस्टम/ बीओक्यू बोली के माध्यम से जीईएम के जरिए 100% अधिप्राप्त की जा रही है।

VII. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

क. दिनांक 7 अगस्त, 2024 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री महामहिम दामोदर भंडारी से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने मौजूदा बुनियादी ढांचा सहयोग परियोजनाओं की समीक्षा की और नेपाल की 100% पीओएल मांग की आपूर्ति और दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली अंतरराष्ट्रीय पाइपलाइन परियोजना के निर्माण सहित मजबूत ऊर्जा संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। माननीय मंत्री जी ने नेपाल को वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया।

ख. दिनांक 27 अगस्त, 2024 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने ब्राजील के विदेश मंत्री महामहिम राजदूत मौरो विएरा से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने भारत और ब्राजील के बीच वाईब्रेंट ऊर्जा साझेदारी को आगे बढ़ाने पर उत्पादक चर्चा की, जिसमें द्विपक्षीय हाइड्रोकार्बन व्यापार, ब्राजील के अपस्ट्रीम क्षेत्र में भारतीय निवेश और ऊर्जा संक्रमण और जैव ईंधन सहित जैव ऊर्जा क्षेत्र में सहयोगी प्रयास शामिल हैं।

ग. दिनांक 17 अगस्त, 2024 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने "सतत भविष्य के लिए सतत ऊर्जा समाधान" विषय पर थर्ड वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के ऊर्जा सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में16 देशों के ऊर्जा नेता संतुलित, न्यायसंगत और व्यवस्थित ऊर्जा संक्रमण को प्राप्त करने की अनिवार्यताओं पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने वैश्विक दक्षिण देशों को वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया।

घ. दिनांक 22 अगस्त, 2024 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने अमेरिका के ऊर्जा विभाग के उप सचिव श्री डेविड तुर्क से मुलाकात की। चर्चा वर्तमान वैश्विक तेल बाजारों और ऊर्जा मिश्रण में कम कार्बन ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने पर केंद्रित थी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने तेजी से बढ़ते भारतीय ऊर्जा बाजार में किफायती ऊर्जा पहुंच की आवश्यकता पर जोर दिया और प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा दी गई प्राथमिकता पर प्रकाश डाला।

ङ. दिनांक 29 अगस्त, 2024 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने यूएई के प्रबंध निदेशक एवं एडी पोर्ट्स ग्रुप के सीईओ कैप्टन मोहम्मद जुमा अल शमीसी के साथ सार्थक बातचीत की। सचिव, पीएंडएनजी ने भारत और श्रीलंका के बीच आईओसीएल की पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन की प्रगति के साथ-साथ श्रीलंका के त्रिंकोमाली में तेल टैंक फार्म और भंडारण सुविधा को कवर करने वाले ऊर्जा केंद्र के विकास के बारे में जानकारी दी। दोनों पक्षों ने जी2जी ढांचे के तहत भारत-यूएई-श्रीलंका के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन के मसौदे के प्रावधानों पर आगे विचार-विमर्श किया।

च. दिनांक 29 अगस्त, 2024 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव ने खान एवं ऊर्जा मंत्रालय में तेल, प्राकृतिक गैस एवं जैव ईंधन के राष्ट्रीय सचिव तथा पेट्रोब्रास के निदेशक मंडल के अध्यक्ष श्री पिएत्रो एडमोसम्पायो मेंडेस के साथ उपयोगी बैठक की। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच व्यापक ऊर्जा सहयोग का मूल्यांकन किया, जिसमें तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेश, पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार तथा जैव ईंधन पर विशेष ध्यान देने के साथ भविष्य के ईंधनों में सहयोग शामिल है।

VIII. अवसंरचना का विकास

आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल और सीपीसीएल की 253 करोड़ रुपये मूल्य (नवीनतम स्वीकृत लागत) की कुल 6 तेल और गैस अवसंरचना परियोजनाएं अगस्त, 2024 के दौरान पूरी कर ली गई हैं।

****